तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

11 शिक्षक नियुक्ति की लिखित सहमति के बाद करियाटोला स्कूल का ...



12 निजी उपयोग के लिए रेत खनन में वन विभाग ...





# डौंडीलोहारा जनपद की बैठक में खाद की कमी पर विधायक बिफरे

## कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पूर्व महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण मंत्री व विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया विधान सभा डौंडीलोहारा, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही उपस्थिति में हुई, जिसमें खाद की कमी सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई तथा खाद की कमी पर विधायक अधिकारियों पर बिफरे।

सर्व प्रथम शिक्षा विभाग के बीईओ हिमांशु मिश्रा ने विभागीय जानकारी दी, युक्ति युक्तिकरण से संबंधित जानकारी विधायक जी के सवालों का जवाब दिया, शिक्षक पर्याप्त है किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी, शाला भवनों की मरम्मत, उन्नयन शाला जहां सेटप की व्यवस्था की जानकारी दी,कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग,जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री सड़क विभाग,वन विभाग, स्वस्थ विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग,पी एच ई विभाग,श्रम विभाग, मनरेगा विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग,पी डब्लु डी विभाग,आर ई एस विभाग, नगर पंचायत डौंडीलोहारा, के साथ सभी विभागों के अधिकारी को बारी बारी से दोनों विधायकों ने विभाग वार जानकारियां मांगी, कई विभागों के द्वारा संतुष्टि पूर्वक जानकारी नहीं दी गई इसमें सभी अधिकारियों को आगामी बैठक तक राज्य सरकार व केन्द्र सरकार ▶▶| शेष पेज 11 पर



### खाद की कमी पर विधायकों ने ली आपत्ति

बैठक में सहकारी समिति में खाद कि कमी को लेकर दोनों विधायकों ने विभाग के अधिकारी को घेरा तथा किसानों को तत्काल खाद मुहैय्या कराई जाए व कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है, खाद की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने भी सभी विभागों की समस्या को विभाग वार सवाल जवाब किए सभी अतिथियों को क्षेत्र की समस्या को अवगत कराया गया सभी ने आगामी बैठक तक सुधार करने की जानकारी दी बैठक बहुत शांति पुर्ण रहा कार्यक्रम का समापन जनपद पंचायत डौंडीलोहारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं सभी अतिथियों का और अधिकारियों का सम्मान करते हुए बैठक सफल रूप से सम्पन्न हुआ।

## विवाद : मृतक के परिजन स्वेच्छा से हिंदू धर्म स्वीकार किया फिर ग्रामीण हुए सहमत

# धर्मांतरित परिवार में मौत पर विवाद के बाद अंततः हीरापुर में किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर धर्मांतरित परिवार मे मृत्यु होने पर उसके अंतिम संस्कार को लेकर विवाद हो गया। ग्रामीणों ने अपने मुक्तिधाम मे धर्मांतरित परिवार को अपने मृत परिजन का अंतिम संस्कार करने नही दिया। पर मृतक के परिजनों ने स्वविवेक व स्वेच्छा से वापस हिन्दु धर्म मे आने व हिन्दु रीतिरिवाज से मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कहने पर ग्रामीणों से पुरे सहयोग के सांथ मृतक का हिन्दु रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया।

जिला मे दुसरी बार ऐसी स्थिति निर्मीत हुई है। ताजा मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर से सामने आया, जहां हिंदू धर्म छोड़कर धर्मांतरित ईसाई बनने वाले एक परिवार के यहां एक व्यक्ति की मौत हो गया, जब उसके अंतिम संस्कार की बात आई तो ग्रामीणजन व विहिप हिंदू संगठन ने जोरदार विरोध किया व गांव में मृतक के अंतिम संस्कार के लिए हिंदू मुक्तिधाम में जगह देने से मना किया गया।

## धर्मांतरण का ग्रामीणजन व विहिप हिंदू संगठन ने जोरदार विरोध किया



### सहमति बनने पर दी गई जगह

ग्राम में विरोध के बीच ग्रामीणों की बैठक हुई व धर्मांतरित ईसाई परिवार के लोगो ने बैठक में जाकर स्वेच्छा से हिंदू धर्म समाज मे रहने की बात कही, वही लिखित पत्र में कहा कि हम सनातन हिंदू धर्म की परंपरा व रीति रिवाजों, पूजा पद्धति के अनुसार रहेंगे व घर मे हिंदू देवी देवता की स्थापना करेंगे, तब गांव वालो की सहमति से ग्राम मे अंतिम संस्कार के लिए जगह दी गई। मृतक के परिवार की मोनस बाई साहू पति स्व. जगमोहन साहू, दानेश्वरी साहू, देविका साहू, कविता साहू, दुर्गेश्वरी साहू ने गांव के मंदिर में जाकर पूजा की, ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल को पुरे सम्मा ने के सांथ नदी में ठंडाकर दिया व हिंदू धर्म के पवित्र गंगाजल को पीकर हिंदू धर्म को अपनाया व पूजा की।

### ग्राम सनौद मे भी ऐसी घटना हुई थी

इसके पुर्व जिला में गुरुर ब्लाक के ग्राम सनौद मे भी ऐसी घटना सामने आई थी। जहां धर्मांतरित ईसाई परिवार के परिजन की मृत्सय के बाद ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिए जगह देने से मना किया। सनौद में स्थानीय प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में गांव वालों के भारी विरोध के बाद धर्मांतरित मृतक के शव को दूसरे जिले धमतरी में इसाई मुक्तिधाम भेजा गया तब मामला शांत हुआ था। पर हीरापुर मे धर्मांतरित ईसाई परिवार के पुनः हिन्दु धर्म मे आनेकग बाद मामला शांत हुआ। इस मामले पर ग्राम हीरापुर में ग्राम पटेल सेतराम साहू, परमानंद साहू, सतानंद साहू, लक्ष्मण साहू, प्रभुराम, कुबेर सहित विश्व हिंदू परिषद के उमेश सेन व बालोद ग्रामीण विहिप अध्यक्ष मुरली साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### धर्मांतरण की साजिश का खुलासा

विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने मामले को लेकर कहा कि हम लोग लंबे समय से जिले के अंदर चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण की साजिश का खुलासा कर रहे है। आज हीरापुर में मोनस बाई के बयान से स्पष्ट हो गया है कि जिले के अंदर ईसाई मिशनरियों के द्वारा भोले भाले हिन्दू परिवारों को बहला कर ईसाई बनाने का काम किया जा रहा है। हिंदू धर्म समाज को कमजोर करने की बड़ी साजिश चल रहा है। ऐसे विधमएँ लोग सनातन परिवारों को तोड़कर साजिश कर आर्थिक लाभ ले रहे है। व दुःख के समय उनको अकेला छोड़ रहे है। हिंदू धर्म मे ऐसे लोगो को वापस आना चाहिए। विहिप बजरंग दल अपने अभियान के तहत आगे भी जिला में घर वापसी अभियान चलाएगा। विश्व हिंदू परिषद से जुड़े संगठन के बड़े नेता जिले के अंदर ईसाई मिशनरियों के द्वारा चलाये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यो को रोकने लगातार अभियान चलाकर गांवों में जागरण का काम कर रहे है। विहिप के माध्यम से बालोद शहर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा, गुरुर, अर्जुन्दा ब्लाक के कई गांव में अवैध प्रार्थना सभाओं पर रोक भी लगवाया था वही पुलिस ने कुछ लोगो को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था।

# पेटेचुआ में हत्या के आरोपी खानसामे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पेटेचुआ कंकालीन मंदिर के पीछे धारदार हथियार से मध्यप्रदेश से आए व्यक्ति की उसके खानसामे ने हत्या कर दी। मृतक ब्लाक मे बन रही सड़क मे मुरुम आपुर्ति का काम कर रहा था। मृतक ने ब्लाक के एक युवक को चार दिन पुर्व ही अपने पास खाना बनाने के काम पर रखा था। घटना गुरुवार शाम की है।

गुरुर पुलिस अनुसार मृतक लक्ष्मीपुरा पोस्ट दढौली थाना रतनगढ़ तहसील जावत जिला नीमच मध्य प्रदेश सरदार सिंह पिता बिहारी लाल जाति बंजारा उम्र 60 वर्ष का रहने वाला था, जो कि विगत कुछ दिनों से अपना खुद का ट्रैक्टर लेकर अपने साथियों के साथ ठेकेदार शिरोमणि माथुर दल्ली राजहरा निवासी के टेंडर पर रोड चौड़ीकरण कार्य करने के लिए आया हुआ था, उनके सभी साथी काम पर गए हुए थे और सरदार सिंह सामान लेने कार्य स्थल से बाहर गया हुआ था तभी कार्यस्थल पर पहुंचने के बाद उसके खानसामे ने पीछे से आकर गर्दन पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे सरदार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कल शाम 5:30 की बताई जा रही है घटना के वक्त मृतक के अलावा एक रसोईया जो खाना बनाने का कार्य करता था मौजूद था, आशंका जताई जा रही है की रसोईये ने हीं इस घटना को अंजाम दिया है, मृतक सरदार सिंह का ट्रैक्टर ड्राइवर ताला भील पिता रतन सर्वप्रथम घटनास्थल पर पहुंचा जहां सरदार सिंह को मृत पड़ा देखा इसकी सूचना उसने अपने बाकी साथियों को दिया, तत्पश्चात इसकी सूचना कंकालिन पंचायत के सरपंच कन्हैया साहू को दी गई और सरपंच ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौके का मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू की, पुलिस के द्वारा पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है हत्या का कारण अज्ञात है वहीं आरोपी की तलाश की जा रही है।



■ हत्या का कारण अज्ञात, गर्दन पर हमला किया मौके पर हुई मौत

# पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी शिक्षक की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोहारा के एक सरकारी कर्मचारी द्वारा देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ किये गए आपत्तिजनक शब्दो के प्रयोग के खिलाफ आवाज उठाते हुए भाजपा नेता राकेश यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौप उक्त सरकारी कर्मचारी के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन के अनुसार ग्राम मोहारा जिला बालोद निवासी सहायक शिक्षक भोज सिन्हा पिता स्व. जगदीश सिन्हा द्वारा सोशल मीडिया मे देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र शब्दों का उपयोग किया था। शिक्षक के इस कृत्य पर उसे निलंबन कर जांच करने की मांग करते हुए संजारी बालोद के जनसेवक पूर्व प्रदेश भाजपा मंत्री, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि ग्राम मोहारा निवासी शिक्षक भोज सिन्हा पिता स्व. जगदीश सिन्हा जो वर्तमान मे शासकीय ▶▶| शेष पेज 11 पर



## मंत्रालय में नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर दो दिन में दिलवाने के नाम पर लिए रुपए

# नौकरी दिलाने के नाम पर 6.50 लाख ऐंठे, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लेकर धोखाधडी करके फरार आरोपी को पकडने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी ग्राम मुड़खुसरा थाना सुरेंगांव जिला बालोद (छ.ग.) निवासी आरोपी खिलावन चंद्राकर पिता स्वं. उभय सिंह चंद्राकर उम्र 51 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना मंगचुवा में प्रार्थी घनश्याम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्राथएँ की पत्नी ग्राम पंचायत करतूटोला में सरपंच के पद पर थी, उसी दौरान आरोपी खिलावन चंद्राकर द्वारा स्वयं को मीडिया वाला बता कर जान पहचान कर एवं प्रार्थी से मंत्रलय रायपुर में मेरी जान पहचान होने से प्रार्थी के पुत्र को मंत्रलय में नौकरी लगवा दूंगा कहने पर प्रार्थी के द्वारा अपने आईसीआईसी आई बैंक शाखा बालोद से 6.50,000 रुपए निकालकर नगद रकम 6.50,000 रुपए को दिया था। आरोपी के द्वारा जॉइनिंग लेटर मंत्रलय से 2 दिन में प्राप्त हो जाएगा, कहकर बोला गया था एक सप्ताह बीत जाने के बाद प्राथएँ के द्वारा आरोपी से संपर्क करने पर नौकरी नहीं लगा तो पैसा वापस कर दूंगा कह कर प्राथएँ को झूठा प्रलोभन दे रहा था।

### झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी

प्रार्थी के द्वारा अपने पुत्र के नौकरी नही लगाने से पैसा वापस नही किया उल्टे प्राथएँ को मेरा मंत्रलय रायपुर में जान पहचान है तुम्हे झूठे मामले में फंसा दूंगा कहकर प्रार्थी के साथ छलकपट कर कुल 7,00,000 रुपए लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत पर थाना मंगचुवा में धारा 420 भादृददृविदृ कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी दिनांक घटना से लगातार फरार होने से पता तलाश करने का प्रयास किया जा रहा था। मामले मे आरोपी को पकड़ने थाना मंगचुवा के सउनि बीजू डेनियल एवं थाना स्टाप के टीम गठित किया गया था। प्रकरण के फरार आरोपी खिलावन चन्द्राकर के द्वारा घटना दिनांक समय से लगातार फरार होने से आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि फरार आरोपी अपने परचित के यहां बालोद में छुपा है, इस सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया।

## खेती-किसानी के तैयारी जोरों पर, झमाझम बारिश का प्रतीक्षा

# बालोद के जलाशयों में भी जलसंकट, किसान पूरी तरह मानसून पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के जलसंकट को दूर करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के प्रमुख जलाशय वर्तमान मे स्वयं जलसंकट के शिकार हो गए है और वर्तमान मे अगर किसानो को फसल के लिए पानी की आवश्यकता पड़ी तो जिले के जलाशय किसानो की आवश्यकता पूर्ति के लिए भी सक्षम नही है।

जिससे जिले के किसानों को अब पुरी तरह मानसून पर ही निर्भर रहना होगा। आशाढ़ का मौसम लग जाने के बाद भी जिले के किसान बारिश होने का इंतजार कर रहे है। आशाढ़ के मौसम मे भी घने बादलो के बीच बारिश न होने पर जिले के किसान जिले मे स्थित जलाशयो पर निर्भर थे, लेकिन वर्तमान मे जिले के जलाशय भी लगभग सूखा ग्रस्त स्थिति झेल रहे है और जलाशयो मे भी पानी की कमी नजर आ रही है। किसानो द्वारा एक सप्ताह से 15 दिनो तक फसल बुआई किये हो चुका है, लेकिन पानी न गिरने के कारण खेत मे बोए गए धान चिड़िया या चूंहे के निवाले बन रहे है जिससे किसानो को अभी से नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिले मे जेठ के अंतिम दिनो ही किसान अपने खेतो की साफ सफाई मे लग जाते है व आशाढ़ लगते ही धान की बोआई का कार्य प्रारंभ कर देते है। लेकिन इस वर्श खेतो की साफ सफाई होने के बाद आशाढ़ के मौसम मे जिले के आसमान मे घने बादल तो नजर आ रहे है। घने बादल होने के बाद भी जिले मे पर्याप्त बारिश नही हो रही है और खण्ड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। जहां कई ऐसे किसान है जो थोड़ी बहुत बारिश होने पर फसल की बुआई कर रहे है परंतु फसल बुआई होने के बाद पानी नही गिरने पर उनकी फसल नही उग रही है तथा आगामी बारिश नही होने की स्थिति मे किसानो को फसल के लिए पानी की आवश्यकता होगी, लेकिन जिले के जलाशयो मे वर्तमान मे इतना पानी नही है कि वर्तमान मे जिले के जलाशयो के माध्यम से किसानो को पानी की पूर्ति हो सके।



### दो सप्ताह तक छोड़ा गया पानी अब बना संकट

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले मे जलाशयो मे वर्तमान मे तांदुला जलाशय मे 16.92 प्रतिशत, खरखरा मे 3.47 प्रतिशत, मटियामोती मे 15.75 प्रतिशत, गोंदली मे 20.61 प्रतिशत जलभराव की स्थिति है। वही जिले के प्रमुख जलाशय मे से एक तांदुला जलाशय मे गर्मीयों के दिनो मे नदी मे करीब दो सप्ताह से अधिक समय तक पानी छोड़ा गया था। अब यह किस मांग के तहत और क्यो छोड़ा गया था, यह विभाग को पता है, परंतु दो सप्ताह से अधिक समय तक पानी छोड़े जाने के वजह से तथा नहरो के माध्यम से छोड़े गए पानी की सही देख रेख नही होने के कारण जिले के प्रमुख जलाशयो के जल यू ही खाली खेतो व अन्य जगहो मे बहते दिखे थे। जिसका नतीजा वर्तमान मे जिले के प्रमुख जलाशयों में जलसंकट के रूप मे देखा जा सकता है।

# खबर संक्षेप

### आटो सेंटर संचालक के घर से हजारों के गहनों की चोरी



**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला मे आटो सेंटर दुकान चालक के घर दिन में घर में रखे आलमारी का ताला तोड़ 80,500 रूपये के सोने चांदी की चोरी हो गई। जिस घटना के बाद प्रार्थी ने सनौद थाने में सूचना दिया है। वही प्रार्थी जितेन्द्र कुमार साहू ग्राम अरमरीकला भाठापारा निवासी ने बताया है कि 17 जून को रात 8 बजे खाना खाकर कमरा अंदर सोने जा रहे थे, तभी कमरा अंदर रखे आलमारी के अंदर का लॉकर टूटा हुआ और आलमारी का सामान बिखरा हुआ दिखा, आलमारी के अंदर लॉकर में छोटे प्लास्टिक डिब्बा में सोना एवं बडा प्लास्टिक डिब्बा में रखे 1 जोडी सोने का झुमका, 1 नग सोने की पत्ती एवं 4 नग गेहूं दाना, 1 जोडी चांदी का पायल, 1 जोडी चांदी का बिछिया नहीं था। किसी ने उसके दुकान जाने के बाद उसके घर मे चोरी कर ली। मामले मे पुलिस जांच जारी है।

### कुथरेल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कल

**अंडा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा बृहद योग का आयोजन ग्राम पंचायत कुथरेल के चंद्राकर भवन में प्रातः 06 बजे से किया जा रहा है। आयोजन को लेकर फाउंडेशन के सदस्य जोर-शोर से प्रचार में लगे हुए हैं। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कई बड़े आयोजन प्रशासन स्तर पर होते हैं यह आयोजन प्रायः जिला मुख्यालयों में ज्यादातर होता है जिससे ग्रामीण अंचल के लोग शामिल नहीं हो पाते जिसको ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन के द्वारा पिछले वर्ष भी यह आयोजन किया गया था, और इस वर्ष भी योग दिवस पर बड़े आयोजन की तैयारी की जा रही है, जिसमें गांव एवं आसपास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील फाउंडेशन के द्वारा किया गया है। शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव नागेंद्र चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष योग का कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग के योग टीचर प्रदीप चंद्राकर द्वारा कराया जाएगा साथ ही योग को संगीत के साथ करने की तैयारी की जा रही है इसके लिए सोशल मीडिया के साथ गांव के युवा गणमान्य नागरिक एवं जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि योग का लाभ सभी को मिल सके।

### शिक्षकों की कमी दूर करने कलेक्टर को ज्ञापन

**बालोद।** ग्राम पंचायत खरथुली के ग्रामीणो द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली मे युक्तियुक्तकरण एवं प्राचार्य के सेवानिवृत्ति के पश्चात शिक्षको की कमी की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि युक्तियुक्तकरण के तहत विद्यालय से 4 व्याख्याता शिक्षको को कार्यमुक्त किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सेवानिवृत्त हुए है। परंतु विद्यालय मे एक भी शिक्षक की व्यवस्था नही किये है। वर्तमान मे 4 व्याख्याता शिक्षक अंग्रेजी, संस्कृत, हिन्दी एवं राजनीति विशय को पढ़ाने वाले शिक्षक नही होने के कारण विद्यालय मे अध्यनरत 350 छात्र छात्रओ का भविष्य अंधकारमय है। शिक्षको की कमी के कारण विद्यालय संचालन संभव नही है। पूर्व मे भी शिक्षको की कमी की जानकारी ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित भी दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने कहा विद्यालय मे विषयवार सेटअप नही होने के कारण 2007 से आज तक शिक्षको की कमी विद्यालय झेल रही है। सेटअप के अनुसार 1 पद प्राचार्य, 5 पद उच्च श्रेणी शिक्षक हाई स्कूल मे एवं 5 पद व्याख्याता पद हायर सेंकेण्डरी मे दिया गया है।

### जीप चोरी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि एमआईजी 01/865 आमदी नगर श्रीराम चोंक हुडको निवासी दिनेश कुमार मिश्रा ने जीप सीजी 07 जेडडी 4300 चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जीप की तलाश कर ही रही थी कि उन्हें पता चला कि जेपी सीमेंट प्लांट के पास सेक्टर 4 में युवक जीप बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं।

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## खबर संक्षेप



### नवप्रवेशी बच्चों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 में 18 जून 2025 को कक्षा 9 वीं व 11वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिखा दुबे थीं। इस अवसर पर विभा रानी कटियार एवं अशोक सिंह सहित पालक उपस्थित थे। शिखा दुबे ने उन्होंने कहा कि अपने आपको किसी से कम न समझें, अपनी क्षमताओं का विकास करें, तो सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी।उन्होंने यह भी कहा कि यदि विद्यार्थ अपने लक्ष्य को स्पष्ट कर लेंगे, तो उसे पाने की दिशा में उनकी यात्रा और भी सशक्त होगी। भिलाई विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय सिंह पवार ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्र को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वंदना सोनवाने ने किया।

### बीएसपी में सुरक्षा सेफ्टी सर्कल स्पर्धा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर–लर्निंग एंड डेवलपमेंट केन्द्र के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय अंतर–विभागीय सुरक्षा सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को संयंत्र के विभिन्न विभागों से आई 46 टीमों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतिभागियों ने कार्यस्थलों पर असुरक्षित स्थितियों की पहचान, संभावित जोखिमों का विश्लेषण एवं उनके समाधान हेतु किए गए नवाचारों को साझा किया। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन कार्यक्रम में सीजीएम तापस दासगुप्ता, देबदत्त सथपति, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल उपस्थित थे। ईडी राकेश कुमार ने प्रतिभागियों की ऊर्जा, प्रस्तुति की गुणवत्ता और आयोजन की व्यापकता की सराहना की तथा इस तरह की गतिविधियों को वर्ष भर आयोजित करने पर बल दिया। श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तुतियाँ अलग अलग सभागारों मेंआयोजित की जा रही हैं।

### जिला संयोजक नियुक्त किये गए आदित्य

**भिलाई।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन तथा आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देश के 500 जिलों और 5 हजार स्थानों और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 253 स्थानों पर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए आदित्य टंडन को बालोद जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। 21 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक या किसी भी उपयुक्त समय पर योग का अभ्यास कर दूसरों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने कुछ बिंदुओं पर ध्यान देने कहा गया है।

# ई रिक्शा की स्थाई पार्किंग नहीं, नाबालिगों के हाथों स्टेयरिंग

**ई रिक्शा चालकों के लिए कहीं पर स्थाई स्टैंड निर्धारित नहीं, कहीं भी कभी भी बेरोक-टोक रोक रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि अभियान

जिले में लगातार बढते ई रिक्शा पर लगाम नही लगाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बीच बाजार हो या बस स्टैंड कही पर भी ई रिक्शा चालक खडी हो जाती है। जिससे आगे और पीछे से आ रहे वाहन चालक कभी भी आपा खो देते है। ई रिक्शा चालक की पात्रता निर्धारित नही होने का ही खामियाजा है कि, लगातार घटना में भी ग्राफ हो रहा है। स्थिति यह हे कि नाबालिको के हाथों स्टेयरिंग होने से बडी दुर्घटना होने की पूरी आशंका भी हैं।

### हाईवे किनारे ई रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग

हरिभूमि ने पडताल में पाया कि भिलाई में भी ई रिक्शा का स्थाई पार्किंग नही होने से समस्या बढ गई है। नेशनल हाईवे किनारे जिसमें जवाहर मार्केट, खुर्सीपार और सुपेला में कही पर भी ई रिक्शा रूकने से जाम की स्थिति बनती है। हाईवे का किनारा होने के कारण भी वाहन चालको पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं।





### नाबालिग व महिलाओं के हाथों में स्टेयरिंग

वर्तमान में ई-रिक्शा का क्रेज इतना बढ गया है कि, सडको में न सिर्फ पुरूष वर्ग बल्कि महिलाओं के हाथो भी स्टेयरिंग है। यही नहीं शहर में नाबालिक को भी ई रिक्शा की सवारी करते देखा जा सकता है। इन तमाम बेरोकटोक की स्थिति आगे असुरक्षा का माहौल निर्मित कर रही हैं। इसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जा रही हैं।

### नहीं पढ़ाते यातायात का पाठ

यातायात विभाग द्वारा सिर्फ कागजों में जागरूकता अभियान चलाई जाती है। ई-रिक्शा चालको को लेकर कभी भी प्रशिक्षण आयोजित नही की गई हैं। वर्तमान चालको के पास ड्राईविंग लाइसेंस तक नही है, जिससे सवारी की जान के साथ चालक भी असुरक्षित सफर कर रहे है। बडा कारण शहर में कही पर भी अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम के हालात बनाना आम हो गया हैं।

दुर्ग और भिलाई के बाजार में चार हजार से अधिक ई रिक्शा चालक दौड रहे है। इनके लिए यातायात विभाग द्वारा कही पर भी स्टैंड के लिए निर्धारित जगह चिन्हिंत नही किया गया है। ऐसे में रिक्शा चालक भीड भाड वाले इलाको में सवारी ढोते है, जिससे आय दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस तरह के हालात दुर्ग के इंदिरा मार्केट में रोज बनते है।

यहां तो रोज तूतू मैमै की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके आलावा गंज चौक, नया बस स्टैंड और पटेल चौक जहां सिग्नल है, यहां पर भी रिक्शा रूकने से खतरा अधिक रहता है। क्योकि सिग्नल होने से यहां स्थिति ज्यादा चरमरा जाती है।

## तीन साल से लंबित खेल योजना को शीघ्र मिलेगी हरी झंडी

# भिलाई बनेगा मुक्केबाजी की नर्सरी, जल्द होगा छग के पहले बाक्सिंग हॉल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जल्द ही भिलाई सहित अंचल के खिलाड़ियों को बहुप्रतीक्षित खेल योजना बाक्सिंग हॉल की सौगात मिलेगी। तीन साल से लंबित भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश के पहले सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग क्लब के निर्माण के लिए प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया है। इसके बन जाने से शहर के साथ प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों को लाभ होगा और यहां राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन संभव हो सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई में बाक्सिंग हाल के निर्माण की महती योजना वर्ष 2022 से तत्कालीन डायरेक्टर इंचार्ज के पास मंजूरी के लिए लंबित थी। लेकिन बजट व क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण 2025 तक यह लंबित रही। अब बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज प्रभार व नए ईडी पीएंड ए की पहल से तीन साल बाद अब इसके निर्माण की उम्मीद बंधी है। डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाले बाक्सिंग हाल के निर्माण के लिए बाक्सिंग खिलाड़ियों को कार्यपालक निदेशक ने जल्द इसका निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। सर्वसुविधायुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश के पहले बाक्सिंग हाल का निर्माण अब बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा बाक्सिंग क्लब स्थल पर किया जाएगा। खिलाड़ियों के मुताबिक बाक्सिंग हाल के बन जाने से इसका लाभ न सिर्फ भिलाई बल्कि बस्तर वनांचल सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलेगा और भिलाई नए सिरे से बाक्सिंग की नर्सरी बन जाएगा।

**डेढ़ करोड़ की लागत से होगा निर्माण**



### ड्रीम प्रोजेक्ट से निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा

भिलाई में सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग हांल के निर्माण से छत्तीसगढ़ के हजारों बच्चों को लाभ होगा। इसके जल्द निर्माण के लिए अब विभाग के उच्चाधिकारी से आश्वासन मिला है। बाक्सिंग हाल का निर्माण बाक्सिंग क्लब में किया जाएगा। इससे भिलाई में भी स्टेट व नेशन स्पर्धाओं के आयोजन के साथ सलेक्शन ट्रायल भी हो सकेंगे। 1992 में बतौर ओलम्पियन मेरी व्यक्तिगत दिली इच्छा है अपने अनुभव से भिलाई की मिट्टी का कर्ज अदा कर सकूं। अब यह इच्छा पूरी होने जा रही है।

**राजेंद्र प्रसाद,** ओलम्पियन और उप महाप्रबंधक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग बीएसपी

### ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद के अनुभव का मिलेगा लाभ

गौरतलब हो कि भिलाई के एकमात्र बाक्सिंग ओलम्पियन और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद व नागरिक सुविधाएं विभाग बीएसपी के उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद द्वारा अपने दीर्घ अनुभव को देखते हुए वर्ष 2022 में यहां राज्य की खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए विभाग को बाक्सिंग हाल निर्माण कराने की स्कीम बनाई गई थी। इसके बाद इसका प्रस्ताव प्रबंधन को दिया गया, जो मंजूरी के लिए डीआईसी अनिर्बान दासगुप्ता के पास लंबित था। लेकिन बजट की स्वीकृति नहीं मिलने के साथ नगर सेवाएं विभाग से सड़क, बिजली सुविधा और निर्माण स्थल आदि का क्लीयरेंस की प्रत्याशा थी। । बाक्सिंग क्लब का मैप व डिजाइन ईडीडी (इंजीनियरिंग ड्राइंग एंड डिजाइन अनुभाग) द्वारा किया गया । हाल ही में बाक्सिंग खिलाड़ियों के आग्रह पर ओलम्पियन राजेंद्र प्रसाद द्वारा बीएसपी के ईडी से मिलकर बाक्सिंग हाल की महती योजना को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया गया। इस पर उच्चाधिकारी ने प्रबंधन से चर्चा कर अतिशीघ्र खिलाड़ियों को यह सौगात दिलाने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बाक्सिंग कोर्ट के बन जाने से बीएसपी को अंतर्राष्ट्रीय बाक्सिंग कोच और ओलम्पियन क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के डीजीएम प्रसाद के अनुभवों की पूरा लाभ मिल सकेगा और भिलाई प्रदेश व देश में बाक्सिंग प्रतियोगिताओं को एक बड़ा सेंटर बन जाएगा।

### धूप व बारिश नहीं होगी बाधा

बाक्स बाक्सिंग हाल के निर्माण के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। निर्माण सिविकसेंटर के निकट बाक्सिंग क्लब स्थल पर किया जाना है। छत्तीसगढ़ के इस पहले सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग रिंग, पंचिंग बैग, दर्शक गैलरी, खिलाड़ियों के रेस्टरुम व कमेंटेटर बाक्स आदि की सुविधाएं रहेंगीं। इसके निर्माण हो जाने से प्रदेश भर के खिलाड़ी बारिश व धूप की बाधा के बिना यहां अभ्यास कर सकेंगे बल्कि राज्य व नेशनल प्रतियोगिताओं के आयोजन से भिलाई अन्य खेलों की देश का एक बड़ा स्पोट्र्स सेंटर बन जाएगा। साथ ही बस्तर जैसे आदिवासी अंचल के बच्चों को को भी यहां राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियो के रुप में तराशा जा सकता है। वर्तमान में यहां बास्केट बांल, हैंडबाल आदि प्रमुख खेलों की तरह इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं होने से खिलाड़ियों को असुविधा होती है।

# सेक्सटार्सन मामले में मृतक के परिजन पहुंचे जीआरपी थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्सटार्सन मामले में बीते दिनों ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक हरविंदर सिंह के परिजन बुधवार की सुबह जीआरपी भिलाई तीन पहुंचे थे। इस दौरान परिजनों की मांग किया कि मृतक हरविंदर को ब्लैकमेल करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द करें। इससे जुड़ा कोई भी आरोपी बचना नहीं चाहिए।

■ आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर करते रहे मांग

परिजनों ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। जब अधिकारियों ने मामले की शिकायत दर्ज कर जल्द कार्रवाई की बात कही तब परिजन शांत हुए। अधिकारियों ने परिजनों को बताया कि उन्हें हरविंदर के मोबाइल से रुपए ट्रांसफर करने के सबूत मिले हैं। पुलिस साइबर एक्सपर्ट से उसकी जांच करा रही है। उसे सेक्सटार्सन मामले में जो लोग ब्लैकमेल कर रहे थे, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

हरविंदर सिंह संतूर साबुन कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। घटना के दिन सुबह 6 बजे से हरविंदर घर में गुरुद्वारा जाने के लिए निकला था। उसके बाद देर तक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन करना शुरू की। इस दौरान परिजनों को पता चला कि ट्रेन से कटने से एक युवक की मौत हो गई है। परिजन दौड़े दौड़े रेलवे ट्रैक के पास गए और देखा तो मरने वाला हरविंदर था। जब वहां मिले मृतक के मोबाइल को चेक किया गया तो पता चला कि वह सेक्सटार्सन मामले में ब्लैकमेल का शिकार हुआ। उससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की है।

# बीएसपी के खेल प्रशिक्षण शिविर में तीन सौ बच्चों का दिखा दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह 17 जून 2025 को सिटीजन क्लब, राजहरा में हुआ। मुख्य अतिथि सीजीएम आरबी गहरवार थे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 मई से 14 जून तक किया गया था।

शिविर में क्रिकेट, फुटबाल वालीवाल, जूडो, कराते बाक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी जैसे 11 खेल शामिल किए गए, जिनमें 350 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए जिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली गईं। प्रशिक्षकों में बालमुकुंद सिंह, सुदर्शन कुमार सिंह दामिनी सिंह, तेजेश्वरी साहू, कृष्णमूर्ति, अनीता शिंदे, तामिन साहू, बादल तिवारी और खुर्शीद आलम शामिल थे। श्री गहरवार ने प्रतिभागी बच्चों की हौसलाआफजाई करते हुए युवाओं को भविष्य में राजहरा, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक एम आर ठाकुर तथा सहायक महाप्रबंधक तुषार राय चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। उप प्रबंधक गिरीश मढरिया ने शिविर की उपलब्धियां बताईं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## टाउनशिप में बैक लेन सफाई कार्य शुरु

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासों के बैक लेन की चरणबद्ध सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा संचालित पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन, सीवरेज प्रणाली तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं के नियमित रखरखाव को निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्य किय जा रहा है। नगर सेवाएं विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार सभी सेक्टरों एवं ब्लॉकों में यह कार्य क्रमशः संपन्न किया जाएगा। विभाग ने अपील की है कि टाउनशिप क्षेत्र के निवासियों द्वारा बैक लेन में कच्चा अथवा पक्का अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिपवासियों से अपील की गई है कि वे बैक लेन में किए गए अवैध निर्माणों को स्वयं हटाएं तथा किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा अथवा कचरा बैक लेन में न डालें।



# ओए ने निकाली सायकल रैली



**भिलाई।** आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी द्वारा प्रगति भवन से 7 मिलियन टन चौक तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली प्रगति भवन से शुरु होकर शहीद उद्यान होते हुए सेंट्रल एवेन्यू से गुजर कर सेक्टर-5 के 7 मिलियन टन चौक पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और कार्यक्रम के अध्यक्ष सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भी साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। ओए के पर्यावरण जागरुकता जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। रैली में बीएसपी साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष श्री बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविन्दर सिंह, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख विशेष रुप से उपस्थित थे। अतिथियों के साथ महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तूषार सिंह, अखिलेश मिश्रा सचिव द्वय संजय तिवारी, जे पी शर्मा ने भी सिंदूर के पौधे लगाए।

■ सांसद बघेल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# रक्तदान महादान, स्वैच्छिक रक्तदाताओं का हुआ सम्मान

**भिलाई।** युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने अनेक जिलों से आए हुए स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ और जीवनदान सेवा संस्था भिलाई टीम के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदाता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम रक्तदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहित करने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रक्तदाताओं एवं समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। समारोह में छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से आए हुए स्वैच्छिक रक्तदाताओं, ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजकों और सामाजिक संस्थाओं को विशेष प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करने का एक माध्यम था, बल्कि युवाओं को भी प्रेरित करने का संदेश लेकर आया।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक सोच और सेवा भाव को भी जन्म देता है। कार्यक्रम में जीवनदान सेवा संस्था द्वारा चलाए जा रहे महिला आत्मरक्षा अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की भी जानकारी दी गई।

## भिलाई निगम की आय बढ़ाने के लिए रिटायर व अनुभवी लोगों ने दिए सुझाव

# क्षेत्रफल के हिसाब से टैक्स का हो निर्धारण, विभागीय खर्च भी करें कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में अपनी सेवाएं दे चुके राज्य शासन स्तर पर मुख्य अभियंता से सेवानिवृत्त हुए तथा अन्य अधिकारियों ने निगम सभागार में निगम के आय में वृद्धि को लेकर बैठक में अनेक सुझाव दिए है।

सभी ने एकमतेन कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के आवासों का डाटा बेस जानकारी एकत्र किया जाना चाहिए। ताकि स्व-विवरणी के आधार पर यह सुनिश्चित किया जा सके, कि वास्तव में निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर टैक्स का भुगतान किया जा रहा है कि नहीं। साथ ही विभागों में भी मितव्ययिता बरतने के सुझाव दिए।

### लीज डीज के हिसाब से प्रीमियम राशि मिले

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम भिलाई की आय को बढ़ाने निगम सभागार में बैठक बुलाई। बैठक में नगर निगम भिलाई के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त पाण्डेय के अनुसार गोकुल नगर में आबंटित भूमि स्वामियों द्वारा लीज डीड के शर्तो के आधार पर प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसे लोगों को गुरूवार से नोटिस वितरण प्रारंभ किया जाएगा। सभी विभागों में अनावश्यक खर्चो में रोक लगाने के लिए मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिये गए। न्यायालीन प्रक्रिया में कटौती करना होगा। विशेष कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवनों का दर निर्धारण किया जाना होगा। पूर्व से निर्मित प्रगति मार्केट वर्तमान मदर्स मार्केट पावर हाउस में व्यय की गई एक लंबी राशि की वसूली के लिए खुली नीलामी के माध्यम से दुकानों का विक्रय किया जाएगा। निगम क्षेत्र के तालाबों में मछली पालन कर आय बढ़या जा सकता है।




### संपत्ति कर वसूली को प्राथमिक्ता दें

निगम की आय को किस प्रकार से बढ़ाया जाए इस विषय पर सभी ने अपने सुझाव दिए। बीएसपी एवं अन्य बड़े बकायादारों से संपत्तिकर की वसूली को प्राथमिकता दी जानी है। कुछ स्थलों पर 2 नल कनेक्शन है, जिसका विच्छेद करना और अवैध कलेक्शनों का कटौती करना होगा। भवन/भूमि स्वामियों से सही संपत्तिकर विवरणी को भरा जाना, गलत भरने पर 10 प्रतिशत से ज्यादा का अंतर आने पर 5 गुणा अधिभार शुल्क अधिरोपित करना। ढिल्लन काम्पलेक्स से कर वसूली करना, लीज नवीनीकरण में वृद्धि करना।

### ये रहे प्रमुख सुझाव

सेवानिवृत्त अधिकारी एल.के. पाणिग्रही के अनुसार भूमि दस्तावेजीकरण, संपत्तिकर, समेकित कर, जीआईएस बेस्ड भूमि रिकार्ड एवं टैक्स वसूली को प्राथमिकता दी जाये। आनलाईन सिस्टम हाईटेक करना होगा, जिससे कि सभी जगह के अचल संपत्ति का रिकार्ड अविलम्ब देखा जा सके। सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी संजीव व्यवहार के अनुसार शासन को प्रस्ताव भेजने के पश्चात शासन स्तर में पहल करना अति आवश्यक होता है। साथ ही पूर्व निर्मित भवन एवं खुर्सीपार स्टेडियम की दुकानों का किराया निर्धारित करना। अशोक पहाड़िया के अनुसार कामर्शियल सह आवासीय मकानों में छूट संबंधी नियमावली में सुधार किया जाए, ताकि निगम की आय में वृद्धि हो। अवैध गुमटी संचालन कर अवैध किराया वसूली को रोका जाना चाहिए। सभी राजस्व करों की वसूली हेतु निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी को रखा जाना उचित होगा। जिससे अधिकृत वसूली एजेंसी को दिए जाने वाले कमिशन की राशि की बचत से निगम के आय में वृद्धि की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### लॉटरी से 38 हितग्राहियों को पीएम आवास आवंटन

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गणपति विहार, पोटिया कला, माँ कर्मा, फॉर्चून हाईट्स, गोकुल नगर, सरस्वती नगर इत्यादि में निर्मित फ्लैट आवास हेतु कुल 38 हितग्राही पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों के आवास आवंटन हेतु डाटा सेंटर खुली लाटरी से आवासों को आबंटित किया गया। आबंटन के दौरान अलका बाघमार द्वारा सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ सहायक अभियंता संजय ठाकुर व हितग्राहियों की उपस्थिति में एक-एक कर सभी 38 पात्र हितग्राहियो को आवास आबंटन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पीएम आवास योजना के सह नोडल अधिकारी संजय ठाकुर, आवास प्रेरक सचिन ताम्रकार, दीपक संचेती, प्रितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा परिदृश्य का आयोजन, नियमों को बताने निकाली रैली



**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय आर्य नगर दुर्ग में सड़क सुरक्षा परिदृश्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला वर्मा, उप प्राचार्या डॉ. नीतू सिंह और सभी संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापिकाएं सहित छात्राएं उपस्थित रहीं। सड़क सुरक्षा साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालय में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना आवश्यक बताया गया और सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित रैली भी निकाली गई तथा नारे भी लगाए गए और साथ-साथ सभी छात्राओं और प्राध्यापिकाओं ने मिलकर हेलमेट लगाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का शपथ भी ग्रहण किया। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी पूनम मिश्रा, मीडिया प्रभारी डॉ. संगीता वर्मा उपस्थित रहीं।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों को टीका लगाकर किया मुंह मीठा

**भिलाई।** सेजस चरोदा में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सत्र 2025-26 की शुरुआत करने शाला प्रवेशोत्सव समारोह के रुप में आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने नवप्रवेशित बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर, मुंह मीठा किया और छत्तीसगढ़ शासन से द्वारा प्राप्त निशुल्क पुस्तक भेंट करते हुए प्रवेशोत्सव में स्वागत कर अपनी हथेलियों का रंगीन छाप सादे कैनवास पर लगाया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक राम कुमार वर्मा ने बच्चों की सुरक्षा के लिए आपदा प्रबंधन सायरन का चलित मॉडल शाला को भेंट किया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सुब्रतो दास दवरा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व धूप-दीप प्रज्ज्वलित कर की।

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ....... / ब-121/ वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण ग्राम कोंगनी तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीता बाई आ. हीरूराम निवासी कोंगनी तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं गीता बाई पिता हीरूराम साकिन कोंगनी का दिनांक 12.05.71 को जन्म/मृत्यु होने के कारण जन्म/मृत्यु पंजी के पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। ग्राम पंचायत कोंगनी तहसील अर्जुन्दा के जन्म पंजी में गीता बाई पिता हीरूराम का नाम पंजीयन कराने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो तो दिनांक 27.06.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। बाद में आए हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला बालोद

ग्रामीण महिला-पुरुष बैठे थे धरने पर, बीईओ सहित अन्य अधिकारियों के आश्वासन के बाद आंदोलन हुआ समाप्त

# शिक्षक नियुक्ति की लिखित सहमति के बाद करियाटोला स्कूल का ताला खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत धुरवाटोला के आश्रित ग्राम करिया टोला में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों व शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने शाला में दूसरे दिन भी तालाबंदी कर बच्चो के साथ धरना में बैठ गए व शिक्षक की नियुक्ति होने पर ही ताला खोलने की मांग पर अड़े रहे। ग्राम करियाटोला व शिकारीटोला के ग्रामीण महिला पुरुष बच्चो के भविष्य के लिए धान बोआई के कार्य को बंद कर सुबह से ही धरना में बैठे थे ,धरना में समझाइस के दौरान पहले पंचनामा बना तो बाद में सहमति बनी और धरना समाप्त हुआ।

शाला में दूसरे दिन भी तालाबंदी किए जाने की जानकारी मिलने पर बी. रूद्रपति नायब तहसीलदार दल्लीराजहरा ,रोहित कुमार सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी करियाटोला पहुंचकर तालाबंदी कर धरना दे रहे ग्रामीणों से चर्चा कर समझाने का प्रयास किया की शाला में बच्चो की दर्ज संख्या व सेटअप के अनुसार पर्याप्त शिक्षक है युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ शिक्षक उमेंद्र कुमार कौशिक का अन्यंत्र स्थानांतरण किया गया है ,ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अडिग थे ,तदपश्चात पंचनामा बनाया गया जिसमे शा.पू.मां.शाला करियाटोला में पदस्थ शिक्षक उमेंद्र कुमार कौशिक के युक्तियुक्तकरण के तहत अन्यंत्र स्थानांतरण होने के कारण पुनः शाला में वापसी को लेकर शाला में तालाबंदी किया गया है। उक्त विषय के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार दल्लीराजहरा के द्वारा ग्रामवासियों को शाला की दर्ज संख्या 29 बच्चो के अनुरूप शाला सेटअप के अनुसार शिक्षक पर्याप्त है ,कर समझाया गया किंतु ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अडिग है इस कार्यवाही में पुलिस विभाग भी उपस्थित रहा , अग्रिम कार्यवाही के लिए ग्रामवासी जिम्मेदार रहेंगे ,पंचनामा में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर नहीं किया , दोपहर 12 बजे तक ताला खोलकर धरना समाप्त करने या फिर पुलिस कार्यवाही किए जाने की बात कहकर अधिकारी चले गए जिसको लेकर ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा की हम बच्चो के भविष्य को देखते हुए समुचित शिक्षा मिले इसलिए शिक्षक की मांग को लेकर तालाबंदी किए है।



### तबादला निरस्त करने की मांग

ग्रामीणों ने कहा की प्रधान पाठिका का स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आवेदन स्वीकृत नहीं होने से शासन के रिकार्ड में उनको मिलाकर सेटअप के अनुसार पर्याप्त शिक्षक बता रहे है किंतु वे शाला नही आने का आवेदन के साथ प्रभार भी दे दी है तो शाला में तीन शिक्षक ही बचे है इसलिए युक्तियुक्तकरण के तहत शाला से स्थानांतरण किए गए शिक्षक उमेंद्र कुमार कौशिक का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग ग्रामीण कर रहे है।

### दस दिनों में शिक्षक की होगी नियुक्ति

पंचनामा पढ़कर सुनाने के एक घंटा बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार पुनः करियाटोला पहुंचकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से से चर्चा की और दस दिन में विज्ञान विषय के शिक्षक भेजने व प्रधान पाठिका का स्वैच्छिक सेवानिवृति की मंजूरी एक माह के अंदर कराने के मौखिक आश्वासन पर सहमति बनी जनप्रतिधियो ने शाला का ताला खोलकर बच्चो को शाला में प्रवेश कराया और ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ सुश्री नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य ,श्रीमती मंजू कोसमा सरपंच ग्राम पंचायत धुरवातोला , उदेराम ग्राम पटेल , संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य गणेश सेवता पूर्व सरपंच ,टीकम सिंह गांवरे,जंगलूराम आर्य , हरिशचंद भंडारी,भूषण नायक ,पिलुराम कोमरे,संतु नेताम,कुमारी बाई , बसंतीन बाई ,उत्तराबाई, नागेश्वरी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष धरना स्थल में उपस्थित थे। 18 जून को प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में की गई तालाबंदी से प्राथमिक शाला के बच्चो को फायदा हुआ , प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक जो लगभग 32 माह से अमलीडीह के छात्रावास में सलग्नीकरण के तहत छात्रावास अधीक्षक पद पर थे उनका संलग्नीकरण निरस्त कर 18 जून को ही शासकीय प्राथमिक शाला (शिकारीटोला) में उन्होंने ज्वाइनिंग किया।



## पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखण्ड के समीपस्थ ग्राम बगईकोन्हा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। सरस्वती पूजन के पश्चात शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच, पंचगणों एवं ग्राम के वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा कक्षा 1 और कक्षा 6 के नवप्रवेशी छात्रों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।

पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक टेमन लाल राणा द्वारा पालकों व छात्रों को शाला प्रवेश उत्सव का महत्व समझाते हुए बच्चों को नियमित शाला भेजने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्रों को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया तथा पंचायत द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को कॉपी पेन भी दिया गया।इसी तारतम्य में उपस्थित जनसमूह को स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र को बढ़ावा देने के लिए नशा मुक्त भारत का संकल्प तथा राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल शपथ दिलवाई गई। मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता स्वसहायता समूह द्वारा बच्चों को नेवता भोज भी दिया गया तथा खीर पूड़ी खिलाई गई।

इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक टेमन लाल राणा, शिक्षक वासुदेव पटेल, शिक्षक मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश कुमार नायक, शिक्षिका श्रीमती केसर साहू, सरपंच सेवंत कुमार नेताम, विशेष अतिथि चंपा बाई गांवरे, मथुरा बाई भौसार्य, मोहनलाल साहू, सोनार सिंह निषाद, नरेश साहू ,अलख साहू, पंच नीरज भौसार्य, पीलू राम साहू, गौतम तारम, सगराम, भगतराम, चंदर यादव, गैंदाबाई, रीतु बाई, डोमेश्वरी बाई सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी शिक्षिका निशा साहू ने दी।

## खीर-पूरी, के साथ शाला में हुआ बच्चों का नवप्रवेश



**डौंडी।** शा.प्रा.शाला कांड़े संकुल कुआगोंदी विकासखण्ड–डौंडी में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं नवप्रवेशी बच्चों का नि:शुल्क गणवेश वितरण, मिठाई खिलाकर एवं सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर स्वागत किया गया। न्योता भोज में खीर पूड़ी का वितरण स्वसहायता समूहों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ईश्वरी देशलहरे, विशेष अतिथि सरपंच चन्द्रलेखा पायला, शाला समिति अध्यक्ष सीताराम चुरेन्द्र, संकुल समन्वयक वेद प्रकाश यदु, प्रधान पाठक अनिल कुमार देवांगन, शिक्षिका उपासना जायसवाल, शिक्षक केके निषाद और ग्राम के गणमान्य नागरिक, शाला समिति सदस्य एवं माताऐं उपस्थित थे।

## डोकला के लाभ संतृप्ति शिविरों से सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित

### राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की भी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के विकासखण्डों के निर्धारित स्थानों में प्रतिदिन आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत अनेक सौगात मिल रही है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला में आयोजित शिविर में हितग्राहियों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। आज आयोजित शिविरों में हितग्राहियों का नया राशन कार्ड बनाने के अलावा आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन, नल कनेक्शन आदि योजनाओं से भी संबंधित विभागों के द्वारा लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई।





इसके अलावा शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच, टीकाकरण के अलावा जनजातीय समाज के लोगों तथा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर जनजातीय समाज के हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साही नजर आ रहे थे।

विकासखण्ड के ग्राम डोकला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 07 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड, 28 हितग्राहियों का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा 13 हितग्राहियों का श्रम कार्ड बनाया गया है। इसके अलावा शिविर में 06 हितग्राहियों का जनधन एवं खाता बीमा कव्हरेज करने के अलावा शिविर में 20 लोगों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच की गई। इस तरह से गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में कुल 76 हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम खेरथाडीह के लाभ संतृप्ति शिविर में 19 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 08 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड, 31 हितग्राहियों का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के अलावा शिविर में उपस्थित 58 लोगों का सिकल सेल एवं एनीमिया जाँच की गई।

शिविर मे जिला पंचायत सभापति तेजराम साहु, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहु, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहु, जनपद सदस्य सुभद्रा साहु, सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन सरपंच त्रिभा बंजारे, सरपंच बोहारडीह राजेन्द्र साहु सहित पंच व अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 20 जून को योग दिवस मनाया जाएगाःजन प्रतिनिधि होंगे शामिल

**गुरूर।** भाजपा मंडल गुरुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल की उपलब्धियां पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के पखवाड़े अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर परयोग दिवस 20 जून को भाजपा कार्यालय गुरुर मे 7 बजे से 8 बजे तक मनाया जाएगा। भाजपा मंडल गुरुर अध्यक्ष आनंद शर्मा ने बताया गुरुर मंडल में निवासरत प्रदेश कार्यकारिणी, पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी, पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य गण, जनभागीदारी कॉलेज अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, जनपद पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य, वर्तमान जनप्रतिनिधि गण, भाजपा समर्थित सरपंच गण, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष गण, शाला समिति प्रबंधन अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव कार्यकत्रा गण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। भाजपा मंडल गुरुर द्वारा कहा गया है कि योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। मगर प्रशासनिक कार्यक्रम होने के कारण मंडल कार्यालय गुरुर में 20 जून को मनाया जा रहा है।

## ग्राम बोड़की व खैरबना में आज लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन आज

**कुसुमकसा, भैंसबोड़, गुजरा, दानीटोला, अड़जाल, खलारी, धुर्वाटोला, गिधाली, चिपरा, रजही, भरएँटोला 43, पथराटोला, खम्हारटोला सहित दर्जनभर गांव को लोग होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार 20 जून को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पथराटोला, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अछोली, बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं एवं अन्य बुनियादी ढांचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा जनजातीय वर्ग के अंतिम पक्ति के हितग्राहियों को उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के सभी पांचों विकासखण्डों के अलग–अलग गांवों में क्लस्टर बनाकर निरंतर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन हेतु बनाए गए क्लस्टर में आसपास के ग्राम पंचायतों में शामिल गांवों को शामिल किया गया है।

### उत्कर्ष अभियान में जिले के 186 ग्रामों का चयन

ज्ञातव्य हो कि केन्द्र सरकार के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जंयती के अवसर पर प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्ग बालोद जिले के 186 ग्रामों का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत इन गांवों में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को 15 जून से 30 जून तक आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर 17 मंत्रलयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से पूर्णतः लाभान्वित किया जाएगा। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से इन क्षेत्रें में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को निर्धारित सभी सेवा एवं योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शुक्रवार 20 जून को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पथराटोला में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत कुसुमकसा, भैंसबोड़, गुजरा, दानीटोला, अड़जाल, खलारी, धुर्वाटोला, गिधाली, चिपरा, रजही, भरएँटोला 43, पथराटोला, खम्हारटोला, अरमुरकसा, बिटाल, धोबेदण्ड एवं धोबनी अ के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अछोली में आयोजित शिविर में अछोली सहित ग्राम आलीखूंटा, गारका, परसाडीह (ज), खैरीडीह, हथौद, मुढ़िया, भेड़ी, भीमकन्हार, मुड़खुसरा, बुन्देली, कोचेरा, गंजईडीह, आतरगांव, रानाखुज्जी एवं मड़वापथरा के ग्रामीण शामिल होंगे।

### 17 विभागों की 25 सेवाएं मिलेगी

इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की में आयोजित शिविर में बोड़की और खैरवाही के ग्रामीण शामिल होंगे। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना में आयोजित शिविर में कांदुल, चिचलगोंदी, नाहंदा, गुरेदा, तिलखैरी, अर्जुनीटिकरी, बोरगहन अ, चंदन बिहरी एवं रौना के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

## गैस रिपेयरिंग दुकान में चल रहा था अवैध रिफलिंग का गोरखधंधा

**दुर्ग/भिलाई।** दुर्ग के बस स्टैंड में एलपीजी चूल्हा रिपेयरिंग करने के आड में अवैध गैस रिफलिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। असुरक्षित तरीके से चल रहे इस रिफलिंग से बडा हादसा हो सकता था। पुलिस को भनक लगते ही छापामार कार्यवाही कर अवैध रिफलिंग सेंटर से कई सामान बरामद किए गए है। वही दुकानदार के पास से सैकडों एलपीजी कार्ड भी जप्त किए है। इस कार्ड के जरिए ही घरेलू सिलेंडर से संचालक द्वारा छोटे सिलेंडरों को बगैर सुरक्षा गाइडलाइन के रिफिल किया जाता था। पुलिस कार्यवाही के बाद हडकंप की स्थिति निर्मित रही। अवैध रुप से गैस रिफलिंग के खेल में पुलिस ने दबिश देकर 46 सिलेंडर और नोजल, रिफलिंग पाइप जब्त किया है। घटना दुर्ग बस स्टैंड के पास रिपेयरिंग सेंटर के नाम पर अवैध रुप से गैस रिफिलिंग का कारोबार चल रहा था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है। वहीं आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने दबिश देकर कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के मुताबिक भोला बाबा गैस रिपेयरिंग सेंटर एलआईजी 640 पद्मनाभपुर निवासी संचालक प्रमोद शाह को पकड़ा गया है। 17 जून की रात 9 बजे पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि, दुर्ग बस स्टैंड के सामने भोला बाबा गैस रिपेयरिंग की दुकान में रसोई गैस का सिलेण्डर रखा था। इस दुकान में छोटे सिलेंडर में नोजल लगाकर अवैध रूप से भरने का काम किया जा रहा था।

## पेज 9 के शेष

### डौंडीलोहारा जनपद की ...

की योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वित करने कहा गया और अंतिम व्यक्ति तक सभी लाभन्वित हो। बैठक राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य बालोद, गोविंद चंन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि डौंडीलोहारा,भुपेश नायक जनपद सदस्य डौंडीलोहारा, श्रीमती तेजेश्वनी दुग्गा जनपद सदस्य डौंडीलोहारा,बरसन निषाद विधायक प्रतिनिधि गुडरदेही,कोदूराम दिल्लीवार ब्लॉक अध्यक्ष देवरी,सागर साहू मीडिया प्रभारी,केशव महराज जिला महामंत्री बालोद ,पीमन देशमुख ,शिवनाथ बघेल एस डी एम डौंडीलोहारा, पंकज देव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडीलोहारा,हिंसा राम नायक तहसीलदार डौंडीलोहारा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

### पीएम पर आपत्तिजनक ...

प्राथमिक शाला बासीन विकासखण्ड गुरूर जिला बालोद मे सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। उक्त व्यक्ति 12 जून को हेमकांत हरिशपुरी गोस्वामी के द्वारा किये गए फेसबुक पोष्ट मे अपना पोष्ट डालते हुए भोज सिन्हा द्वारा देश के प्रधानमंत्री के विरूद्ध बहुत ही अश्लील एवं आपत्ति जनक कमेंट किया है। जो कि सिविल सेवा के शर्तो का उल्लंघन है तथा यह आपराधिक कृत्य है। भोज सिन्हा एक सामान्य व्यक्ति नही है, बल्कि वह वर्तमान मे सहायक शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### दो बाइक में टक्कर में शिक्षक की मौत

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम फिरतुटोला के पास दोपहर लगभग दो बजे ग्राम जुन्नापानी के प्राइमरी स्कूल मे पदस्थ सहायक शिक्षक भेषनारायन नेतास्वामी 42 वर्ष की मौत बाईक दुर्घटना में हो गई।मिली जानकारी अनुसार शिक्षक अपने स्कूल ड्यूटी के बाद ग्राम रेंगाडबरी वापिस लौट कर आ रहे थे कि विपरीत दिशा की ओर आ रहे एक अन्य बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।अन्य बाइक सवार घायल हो गए जिनका इलाज मंगचुआ के अस्पताल में किया गया फिर मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया।सूचना मिलते ही मंगचुआ कि पुलिस की टीम गई व शव को पीएम के लिए लोहारा भेजा गया।व आगे की आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है। मृतक शिक्षक मूलतः ग्राम कुरूभाट के रहने वाले थे वर्तमान में वे ग्राम रेंगाडबरी में रह रहे थे।

### श्री सत्य साईं रथ का नगर आगमन 21 को

**डौंडीलोहारा।** श्री सत्य साईं शताब्दी वर्ष जन्मोत्सव के अवसर पर बेलौदी समिति के द्वारा श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का आगमन नगर में 21 जून को होगा।साथ ही साथ इसके पूर्व 18 जून को ग्राम चाराचार बरबसपुर अचौद कलंगपुर खलारी मचौद ,19 जून को चैनगंज गुंडरदेही लिमोरा झिका अर्जुन्दा 20 को पैरी देवी नवागांव नेवारी कला चरोटा झलमला बालोद व दल्लीराजहरा तथा 21 जून को नगर सहित कुसुमकसा धुर्वाटोला सहगांव रानीतराई में आगमन होगा।समिति ने रथ यात्रा आगमन व स्वागत भ्रमण के शामिल होने निवेदन किया गया है।

### गाली गलौज व मारपीट की थाने में रिपोर्ट दर्ज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संबलपुर से सेमहरडीह जाने वाले मार्ग पर स्थित एक खेत मे दो लोगो के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया।बात बढकर अश्लील गाली गलौज व मारपीट तक पहुंच गया।घटना मंगलवार को शाम लगभग साढ़े छः बजे की है।टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि प्रार्थी टायमनलाल साहू ग्राम नारगी की रिपोर्ट पर आरोपी अनिकेत निषाद व ओमप्रकाश सिन्हा के खिलाफ धारा 296 ,115 ,(2 )351 (2 )3 (5) bns के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर चालक पर चाकू से हमला, 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने राह चलते लोगों को डरा धमकाकर शराब के लिए पैसे मांगने और पैसे ना देने पर उनके ऊपर हमला करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेजा गया है। मामला शीतला माता मंदिर दुर्ग का है। एमआईजी 02/248, हुडकों भिलाई वेस्ट निवासी पी सूर्य नारायण नायडू ने भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका भाई पीए राव दुर्ग निगम में वाहन चालक है। वो रोज की तरह बुधवार सुबह मार्निंग वॉक के लिए गया था। शीतला माता मंदिर दुर्ग के पास तीन युवक आए और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। रुपए देने से इंकार करने पर उन्होंने उनके ऊपर चाकू से हमला किया और इसके बाद वहां से भाग गए।

## जनपद पंचायत डौंडी की साधारण सभा में वन विभाग की कार्रवाई का मुद्दा गरमाया

# निजी उपयोग के लिए रेत खनन में वन विभाग की दखलअंदाजी पेसा कानून का है उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

बुधवार को जनपद पंचायत डोंडी की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष मुकेश कौडों की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में संपन्न हुई बैठक में डोंडी ब्लॉक के गॉवो में निजी उपयोग के लिए रेत खनन में वन विभाग की दखलनदाजी का मुद्दा गरमाया रहा। जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम सदस्य पुनीत राम सेन तुलेश्वर हिचामी ने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा गांव में लोग घरों का निर्माण कर रहे हैं साथ ही सरकारी भवनों का भी निर्माण हो रहा है जिसमें उपयोग के लिए लोग अपने आसपास के नदी नाला से मिलने वाली रेत को निकाल कर घर निर्माण मे लगा रहे हैं जिस पर वन विभाग द्वारा हस्तक्षेप किया जाना पेसा कानून और ग्राम सभा के अधिकार का खुला उल्लंघन है।




### ग्राम सभा ने सहमति दी

सदस्यों ने कहा कि रेत खनन के लिए ग्राम सभा ने सहमति दिया है साथ ही वन विभाग द्वारा रेत निकासी के लिए वन मार्ग का उपयोग करने के लिए एनओसी भी जारी किया गया इसके बाद भी कार्रवाई करना समझ से परे हैं उपाध्यक्ष नेताम ने बताया कि रेत मुरुम पथतर आदि गौण खनिज का उपभोग का अधिकार ग्रामीणों के पास ही 5 वी अनुसूचित छेत्र मे पेसा कानून और ग्राम सभा ही सर्वमान्य है डोडी ब्लॉक के ग्राम मर्रामखेंड़ा में कई महीनों से चेनमाउंटें से खनन तथा हाइवा वाहन से परिवहन बेधड़क जारी है वन विभाग कितने बार पहुंचकर कार्रवाई किया है इसलिए गॉवो मे सरकारी योजना के अलावा घर बना रहे लोगों को अनावश्यक परेशान ना करें और अगली बैठक में खनिज विभाग के अफसर को भी बुलाने का प्रस्ताव पारित किया।

### नोनी सुरक्षा खाद्यान्न योजना की भी जानकारी ली

उपाध्य नेताम ने वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी और उसके लक्ष्य की जानकारी समितिवार लिए साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा खाद्यान्न योजना की भी जानकारी ली और पिछले बैठक से अब तक में ग्राफ उठे या नीचे गए इसकी जानकारी लेकर अगले बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अफसर लोकेंद्र सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना में चयन के लिए आदिवासी क्षेत्रों में 250 की जनसंख्या वाले क्षेत्र के लिए निर्धारित है जिसके अनुसार नए कार्य योजना में पेटेचुवा से कुर्मीपेटी सिंघोला से सुखड़ीगुहान और शिकारीटोला से करियाटोला को शामिल किया गया है जिस पर जनपद सीईओ डीडी मंडले ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना का प्रपोजल भेजने से पहले जनपद पंचायत डोडी को अवगत कराया जावे सदस्य सेन ने भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में लाभ नहीं मिलने की स्थिति में जिला खनिज न्यास निधि से चिहरो से साल्हे सिंघोला से सुखड़ीगुहान मथेना से पुत्तरवाही मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कराया जा सकता है महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में पता चला कि डोंडी ब्लॉक में वर्तमान में डोडी परियोजना फर्स्ट में 162 और डोडी सेकंड में 148 सेंटर है किस प्रकार डोडी ब्लॉक में कुल 310 आंगनबाड़ी केंद्र है जिसके लिए 256 आंगनबाड़ी भवन थे वर्तमान मे 19 आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गए हैं अब उन केदो को किराए के घर या सरकारी भवन में चला जा रहा है इसके अलावा आठ आंगनबाड़ी केंद्र के काम प्रगति पर है बैठक में वन विभाग उद्यानकी विभाग मत्स्य विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा की प्रगति रिपोर्ट जनपद के में समक्ष प्रस्तुत किया बैठक मे जनपद सदस्य झमित बाई शिवप्रसाद बारला साधना सोरी रत्ना हिरवानी सुखवंती आर्य आशा आर्य प्रीति उर्वसा शिवगिरि चुरेन्द्र कुलदीप साहू शामिल हुए।

# जिला परिवहन संघ ने अपर कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़िया परिवहन संघ जिला इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा परिवहन संबंधित कामों को लेकर अपर कलेक्टर से मुलाकात किया गया। परिवहन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया ट्रांसपोर्टर, छत्तीसगढ़िया गाड़ी मालिकों को काम नहीं दिया जा रहा है जिससे गाड़ी मालिकों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है, यदि इसी तरह छत्तीसगढ़िया गाड़ी मालिकों को नजर अंदाज किया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के बालोद जिलाध्यक्ष खोमन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बने आज 24 साल पूरे हो गए है, लेकिन छत्तीसगढ़ियों को छत्तीसगढ़ में ही अपने पेट पालने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है, यदि इसी तरह छत्तीसगढ़ियों के हक को छीना जाएगा और सरकारी कामों में भी छत्तीसगढ़िया परिवहन संघ के सदस्यों को काम नहीं दिया जाएगा तो उग्र आंदोलन में छत्तीसगढ़िया परिवहन संघ के समर्थन में क्रान्ति सेना कंधे से कंधे मिलाकर साथ देंगे।

### बालोद में राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच द्वारा प्रोफेशनल मीट का आयोजन आज

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच बालोद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन 20 जून को किया गया है। प्रोफेशनल मीट सुबह 11 बजे कबीर दर्शन मंदिर शिकारी पारा बालोद मे किया गया है। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार बालोद जगदीश देशमुख, अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ बालोद डॉ. आरएम चावड़ा, सेवा निवृत्त खण्ड शिक्षा अधिकारी डीआर गजेन्द्र, सेवा निवृत्त प्राचार्य बालोद बीआर बेलसर के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# खोलझर में हुआ चिन्हारी का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम खोलझर में गुरुवार 12 जून को रात्रि में लोक चिन्हारी संस्था भरथरी सिकोसा का कार्यक्रम रखा गया था, मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम , अध्यक्षता श्रीमती थानेश्वरी विश्वकर्मा, विशेष अतिथि चेतन लाल उप सरपंच, शान देवांगन ,वासु विश्वकर्मा , समस्त पंच और आयोजक समिति के सदस्य गण उपस्थित ग्राम के वरिष्ठ जन महिलाएं और पुरुष बच्चे भारी संख्या में ग्रामीण जन कार्यक्रम देखने के लिए उपस्थित हुए, इस अवसर पर तारम जी ने कहा जिला पंचायत चुनाव जीतने के बाद पहली बार आपके गांव में पहुंचा हूं और आप लोगों ने मुझे वोट देकर जिला पंचायत सदस्य बनाए है तो मेरा भी फर्ज बनता है कि आप लोगों के सुख-दुख में काम आऊं, सरपंच ने मांग पत्र सौंपते हुए गांधी नगर में सी सी रोड और खोलझर में चौक में कला मंच पर डोम सेड निर्माण कार्यों की मांग रखी, प्राथमिकता के तौर पर सभी कार्य को बारी बारी से कराने की बात कही और सभी ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किए।



# योग से निरोग की पहल 5 दिवसीय शिविर में विशेषज्ञ दे रहे स्वास्थ्य परामर्श

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा जिले के 25 ग्रामों में 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि कार्यालय जिला आयुष अधिकारी बालोद के अधीनस्थ संचालित 22 आयुष्मान आरोग्य मंदिर भण्डेरा, कोबा, कसहीकला, हड़गहन, बंजारी, कोड़ेकसा, भीमकन्हार, बेलमाण्ड, लाटाबोड़, नेवारीकला, भिलाईग्राम, सिकोसा, कमरौद, भाठागांव आर, हल्दी, सिब्दी, डौण्डी, कुसुमकसा, बड़भूम. राघोनवागांव, सिरी, डूण्डेरा न, आयुष योगा वेलनेस सेंटर बालोद, शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा अंतर्गत आयुष योगा वेलनेस सेंटर दल्लीराजहरा एवं एन.सी.डी. क्लीनिक बालोद द्वारा 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 जून से 21 जून को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें योग चिकित्सकों के माध्यम से वात रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, सायटिका, स्त्रीरोग, नसों एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं एवं जीवन शैली सुधार आदि की योगाभ्यास एवं परामर्श दिया जा रहा है।

# स्वतः नामांतरण के अधूरे नियमों से कृषकों की परेशान बढ़ी, पटवारी भी असमंजस में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एक तरफ सरकार स्वतः नामान्तरण को लेकर सभी मंचों से वाहवाही लूट रही है वहीं सरकार द्वारा स्वतः नामान्तरण को लेकर आधे अधूरे नियमों से कृषकों की मुश्किलें बढ़ गई है जमीनी हकीकत से दूर एक तरफ जहां सरकार हर एक मंच से स्वतः नामान्तरण को लेकर किसानों की सुविधाएं बढ़ाने की बात कर रहे है वहीं हकीकत यह है कि स्वतः नामान्तरण के पश्चात किसान ऋण पुस्तिका और भूमि के नामान्तरण पश्चात हर एक भूमि का नया खाता बनने से परेशान है सरकार ने नामान्तरण पश्चात ऋण पुस्तिका जारी करने को लेकर कोई नियम नही बनाया है जिससे राजस्व विभाग में ऋण पुस्तिका जारी करने को लेकर असमंजस होने से किसानों को ऋण पुस्तिका जारी नही किया जा रहा है। राजस्व पटवारी

■ पटवारी और किसानों की निर्भरता खत्म हो जाएगी

संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू द्वारा बताया गया की स्वतः नामन्तरण को लेकर एक तरफ सरकार पटवारियों पर कृषकों की निर्भरता को खत्म करने की बात करते है।

वहीं खरीदी बिक्री में किसानों को पंजीयक कार्यालय से चौहद्दी एवम बटांकन को लेकर पटवारियों के पास भेजा जा रहा है स्वतः नामान्तरण में शासन द्वारा ऋण पुस्तिका और नक्शा बटांकन को लेकर नियमों का उल्लेख नही होने से सभी पटवारियों में असमंजस की स्थिति निर्मित होने एवम ऑनलाइन नामान्तरण में भूमि के नामान्तरण को लेकर पटवारी एवम तहसीलदार आई डी में कोई भी जानकारी उपलब्ध नही होने से ऋण पुस्तिका जारी नही किया जा रहा है साथ ही अलग अलग भूमि के नामान्तरण होने पर हर बार नया खाता निर्मित होने जैसी विसंगतियों से कृषकों की परेशानी बढ़ रही है।

पटवारियों के गोपनीय चरित्रावली में मतांकन नही होने से पटवारियों के समयमान वेतनमान के लंबित होने एवम समाधान हेतु विगत 3 वर्षों से ज्ञापन के माध्यम से जिला कार्यालय में सूचना दिया जा रहा है समस्याओं के समाधान नही होने की स्थिति में जल्द ही बड़े आंदोलन की तैयारी है।

# आदिवासी कन्या छात्रावास जनपद प्रतिनिधियों ने किया सघन निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लॉक आदिवासी कन्या छात्रावास एवं आश्रम में जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया छात्रावास अधीक्षकों से नवीन प्रवेश संबंध में अद्यतन जानकारी लिया गया छात्रावास अधीक्षकों ने बताई अतिरिक्त सीट से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुआ है कन्या आश्रम में भवन की वस्तु स्थिति को देखा गया जिसमें पूरी तरह से जर्जर होना पाया गया बरसात के दिनों में जगह-जगह से पानी टपकाने की शिकायत है इस संबंध अधीक्षक ने बताया की सहायक आयुक्त को कई बार शिकायत की गई है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है कभी भी अप्रिय घटना होने की संभावना है मौके पर इस संबंध बात करने के लिए सहायक आयुक्त संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया पी मैट्रिक कन्या छात्रावास का अतिरिक्त कमरा निर्माण किया जा रहा है जो की अपूर्ण है और पूछने पर ठेकेदार कई दिनों से काम बंद कर दिया है जिसमें उपस्थित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी साधना सोरी रत्ना हिरवानी नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजू मानकर सरपंच रेवा रावते एवं अधीक्षक मौजूद थे।

# शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा का मामला उठाना किसान को पड़ा महंगा

## बुजुर्ग किसान ने जनदर्शन में आवेदन देकर अधिकारियों पर की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गांव के शासकीय जमीन पर हो रहे कब्जा के खिलाफ आवाज उठाना एक किसान पर इतना भारी पड़ रहा है कि अधिकारी कर्मचारी उसे इस कदर प्रताड़ति कर रहे है कि अब उसके स्वयं के जमीन को अधिकारी कर्मचारी अवैध कब्जा करार देने पर तुले हुए है जिससे डरे सहमे बुजुर्ग किसान ने जनदर्शन पहुंच कलेक्टर को ज्ञापन सौपा संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही की मांग की है।

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद निवासी रामकुमार साहू ने ग्राम मे एक व्यक्ति द्वारा अपने राजनैतिक व अन्य रसूख दिखाकर ग्रामीणो के आवागमन के मार्ग को बंद करने के खिलाफ आवाज उठाते हुए नामजद शिकायत करते हुए नायब तहसीलदार को 30.08.2024 को आवेदन दिया था लेकिन इन एक सालो मे किसान को अधिकारी कर्मचारी इतना प्रताड़ति कर चुके है कि अब उक्त किसान को अधिकारी कर्मचारी कई अनेक माध्यमो से परेशान कर रहे है और शासकीय जमीन पर कब्जा करने वाले उक्त व्यक्ति को बढ़ावा देने का काम कर रहे है ग्राम पसौद निवासी रामकुमार साहू ने बताया कि उन्होने ग्राम के व्यक्ति द्वारा ग्राम के किसानो के आवागमन के मार्ग को बाधित कर शासकीय जमीन पर कब्जा करने की शिकायत करते हुए उस पर कार्यवाही करने की मांग की थी लेकिन उस पर अधिकारी कर्मचारियो द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। जिसके बाद उन्होने वर्तमान मे समाधान शिविर एवं जनदर्शन मे उक्त जमीन का सीमांकन करने हेतु ज्ञापन दे चुके है लेकिन अधिकारी कर्मचारी द्वारा आज तक सीमांकन नही किया गया। वही इस दौरान उनके द्वारा उक्त व्यक्ति के द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटाने एवं उस पर कार्यवाही करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था लेकिन उक्त रसूखदार वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करने बजाए एसडीएम कार्यालय मे लगाए गए आवेदन पर अधिकारी ने मुझे दूसरे, चौथे दिन उक्त आवेदन की सुनवाई के लिए लगातार पेशी पर बुलाया गया जून महीने में मानसिक परेशान करने के उद्देश्य से 7 बार पेशी बुलाया है इसी बीच 13.06.2025 को एसडीएम कार्यालय मे मुझे पेशी मे भी बुला लिया गया और उसी दिन जमीन सीमांकान करने और मेरे अनुपस्थित रहने पर मेरे बिना मौजूदगी में नाप जोख अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा मेरे ही जमीन को अवैध कब्जा बताते हुए उस पर चुना लगाकर निशान लगा दिया गया।

### सीएंडडी वेस्ट प्लांट का किया औचक निरीक्षण

**भिलाईनगर।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर में विभिन्न निर्माण कार्य एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया। जोन कार्यालय के समीप रखे सी एंड डी वेस्ट हटाने का निर्देश दिया गया। वार्ड क्रं. 37 नंदनी रोड में वेडिंग जोन निर्माण स्थल को व्यवस्थित करने कहा गया। वार्ड क्रं. 33 करूणा अस्पताल के सामने तेल्हा नाला का सफाई कार्य किया जा रहा है, जिसे बारिश से पूर्व कराने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किये। वार्ड क्रं. 34 पार्षद जालंधर सिंह के साथ मिलन चौक के आस-पास सफाई व्यवस्था एवं निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता सुधारने निर्देश दिए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## समाज अब रचनात्मक दिशा की ओर हो रहा अग्रसर

# धोबी समाज का महाधिवेशन: सामाजिक विकास पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम टेकारी में झेरिया धोबी समाज का महाधिवेशन पूर्व विधायक देवजी पटेल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवजी पटेल का रजक ताज से अभिनंदन किया गया।

महाधिवेशन में कूंरा राज धरसीवां परिक्षेत्र के प्रत्येक गांव के समाज जन के अलावा बालोद जिला गूरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नकुल निर्मलकर, बिलासपुर जिला संगठन प्रभारी रामायण रजक, प्रभात सोनछत्र, भागबली निर्मलकर, अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, धमतरी जिला संगठन प्रभारी श्रीमती पंचदेवी निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर निर्मलकर गन्नू लाल रजक भिलाई धनेश्वर निर्मलकर महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मैंना निर्मलकर भिलाई 3 सहित अनेक पदाधिकारी ने उपस्थित होकर अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने कहा समाज केवल सामाजिक प्रकरण के निपटारा में ही व्यस्त रहता था अब एक से बढ़कर एक रचनात्मक आयोजन करने लगे हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से आग्रह कर सांसद निधि से समाज के भवन परिसर में शौचालय, नलकूप खनन, रसोई कमरा के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सामाजिक न्याय में महिलाओं की भागीदारी, कन्या विवाह के लिए सहायता राशि, दाह संस्कार के लिए सहायता राशि के नियम लागू करने के लिए समाज को बधाई दी। समाज के लोगों ने सत्ता में भागीदारी के लिए बहुसंख्य झेरिया धोबी समाज ने मांग रखी जिसको पटेल ने पार्टी आलाकमान को अवगत कराने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर विवाह योग्य 13 बेटा, 25 बेटियों ने भी परिचय दिया। समाज के समक्ष 18 प्रकरण आए जिसमें 15 प्रकरणों का निपटारा किया गया तीन प्रकरण हिस्सा बंटवारा का होने के कारण ग्राम पंचायत में निपटने के लिए आवेदक गणों को निर्देशित किया गया।




समाज जनो ने मंसाराम निर्मलकर को ही , हरिश्चंद्र निर्मलकर को सचिव तथा उनके सभी पदाधिकारी को मान्यता दी और कूंरा राज धरसीवां परिक्षेत्र का वास्तविक पदाधिकारी सर्वसम्मति से माना जिसको प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर और चार राज नव पार के पदाधिकारी ने मान्यता दी। महाधिवेशन का संचालन खरोरा राज के उपाध्यक्ष कवि जितला प्रसाद निर्मलकर, कूंरा राज के कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर निर्मलकर, लाल जी निर्मल कर कर रहे थे आभार प्रदर्शन अध्यक्ष मंसाराम निर्मलकर ने किया। उक्त जानकारी जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

